# ITL CELEBRATES SANSKRIT DIWAS

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Title of the activity | संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन |
| 2. | Date of the activity | अगस्त **2025** |
| 3. | Organized by | आई॰ टी॰ एल॰ पब्लिक स्कूल |
| 4. | Participated by | Students of Classes I - XII |
| 5. | Facilitators | Class Teachers and Coordinators |
| 6. | SDGs Incorporated | SDG 4 Quality Education |
| 7. | Description of the activity | इस वर्ष ९/०८/२०२५ को विद्यालय में संस्कृत दिवस अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्कृत भाषा की महत्ता और उसके संरक्षण के उद्देश्य से कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए विविधंस्कृत गतिविधियाँ आयोजित की गईं। यह आयोजन रचना सागर प्रकाशन के सहयोग से संपन्न हुआ।<br><br>कार्यक्रम में संस्कृतश्लोक-पाठ, संस्कृत प्रश्नोत्तरी, भित्ति निर्माण प्रतियोगिता तथा रचनात्मक लेखन जैसी प्रतियोगिताएँ सम्मिलित थीं। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अन्ततः रचना सागर प्रकाशन द्वारा सभी विजेताओं व प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।<br><br>संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा 9 और 10 के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण भी आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को सूर्यासमाचार कार्यालय ले जाया गया, जहाँ उन्होंने संस्कृत समाचार वाचन, अनुवाद तथा एंकरिंग के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की व साक्षात् अनुभव प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने वहाँ के पत्रकारों से संवाद कर व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किया।इस प्रकार, संस्कृत दिवस का आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। इसने विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति गर्व और रुचि की भावना को प्रबल किया तथा उन्हें इसके आधुनिक उपयोग की दिशा में प्रेरित किया।<br><br>संस्कृत दिवस की हार्दिक सुभकामनाएँ |

| | | |
|---|---|---|
| | |     CRORES |